छह दिन से रेस्क्यू टीम कर रही थी तलाश

अजमेर, (कासं)। अलवर गे? थाना क्षेत्र के गुर्जर धरती क्षेत्र से गुजर रहे आनासागर एस्केप चैनल में छह दिन पूर्व बहे दिव्यांग युवक का शव गुरुवार को रामगंज थाना क्षेत्र के खानपुरा तालाब में मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस की ?ीम की मदद से रेस्क्यू कर बॉडी को बाहर निकाला और जेएलएन अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। रामगंज थाना पुलिस मामले की जांच में जु?ी है। रामगंज थाने के हेड कॉन्स?बल प्रकाशचंद भा?ी ने बताया कि थाने पर खानपुरा तालाब में शव मिलने की सूचना मिली थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर ?ीम मौके पर पहुंच गई। सिविल डिफेंस ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू कर युवक के शव को बाहर निकाला। तालाब में बच्चों को शव दिखा था, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बॉडी को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा कर जांच शु? कर दी है। सिविल डिफेंस के रेस्क्यूरर दिलीप माथुर ने बताया कि गत दिनों हुई बारिश के दौरान गुर्जर धरती निवासी दिव्यांग युवक मनोज के एस्केप चैनल के नाले में गिरने की सूचना मिली थी। नाले के बाहर उसका कृत्रिम पैर और बैसाखी पड़ी थी, एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस ?ीम लगातार चार दिन से नाले में युवक की तलाश कर रही थी, युवक का शव गुरुवार को खानपुरा तालाब में तैरता मिला, ?ीम ने शव को रेस्क्यू कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

एसडीआरएफ ?ीम ढूंढ रही थी छह दिनों से: एसडीआरएफ ?ीम के 9 रेस्क्यूरर सदस्य युवक की लगातार तलाश कर रहे थे। गुर्जर धरती से लेकर खानपुरा तालाब तक अन्य संभावित क्षेत्र में बो? उतार कर तलाश किया ।

स्वैच्छिक संस्था द्वारा पहली बार मनाया गया, विमुक्ति दिवस

■ लाभार्थी परिवारों के साथ विमुक्ति दिवस का आयोजि कर उन्हें शिक्षित एवं एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया गया

अजमेर, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल के द्वारा संस्था मुख्यालय चाचियावास में अजमेर एवं ब्यावर जिले के 200 से अधिक घुमन्तु जाति परिवारों के साथ पहली बार विमुक्ति दिवस मनाया गया। निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि संस्था द्वारा घुमन्तु जातियों के शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका आदि मुद्दों में सहयोग करने एवं उनको सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए रक्षा कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन ओलखना संस्था के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता पारस बणजारा के मुख्य आतिथ्य एवं ब्यावर जिला कालबेलिया समाज अध्यक्ष पूनानाथ,

बबायचा सरपंच हरिकिशन, समाजसेवी रामकरण नाथ, संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक, संयुक्त निदेशक अनुराग सक्सेना, अतिरिक्त निदेशक तरूण शर्मा, उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया।

कौशिक ने सभी का स्वागत करते हुए संस्था एवं रक्षा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज भी घुमन्तु समुदाय को उपेक्षित श्रेणी में रखा जाता है अत: सभी को जागरूक होकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है जिसके लिए संस्था सदैव साथ में खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय संस्था इस समुदाय के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका को लेकर कार्य करेगी तथा विभिन्न मंचों पर इनको प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जायेगा। मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए पारस बणजारा ने घुमन्तु जातियों के समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास के साथ साथ वर्तमान चुनौतियॉ एवं आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए एकजुट एवं शिक्षित होने का संकल्प दिलाया। बबायचा सरपंच हरिकिशन एवं ब्यावर कालबेलिया समाज के जिलाध्यक्ष पूनानाथ ने भी सम्बोधित कर घुमन्तु समुदाय के विकास में संस्था के साथ कदम से कदम मिलाते हुए सहयोग की बात कही। कार्यक्रम के दौरान समुदाय के लोगों ने कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया।

दादाबाड़ी में 30 को भूमिपूजन भूमिखनन

अजमेर, (कासं)। विश्व के प्रथम खरतरगच्छाचार्य गुरुदेव श्रीजिनदत्तसूरि महाराज की समाधि स्थल अजमेर दादाबाड़ी के 871 वर्ष पश्चात् होने जा रहे जीर्णोद्धार के तहत 30 अगस्त को दादाबाड़ी में भूमिपूजन और भूमिखनन समारोह शान्त स्वभावी मुनि सम्यकरत्न सागर महाराज और दादाबाड़ी जीर्णोद्धार प्रेरिका शतावधानी साध्वी मनोहरश्रीजी महारासा के सानिध्य में खंचरोड़ निवासी विधिकारक पंजक भाई के निर्देशन में सम्पन्न होगा। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ प्रवक्ता रिखब सुराना ने बताया।

जिला अधिकारी कार्यक्रम में हुए शामिल

अजमेर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला शाखा अजमेर के संरक्षक कालीचरण दास खंडेलवाल, अध्यक्ष रमेशचंद तापड़िया, महामंत्री उमेश गर्ग, मंत्री शैलेंद्र अग्रवाल, विकास चौपड़ा, दीपक चौपड़ा, मुकेश कर्नावट आदि पदाधिकारी गुरुवार को मणीपुंज संस्थान बी के कौल नगर में आयोजित सामूहिक क्षमावाणी पर्व में शामिल हुए तथा उपस्थित सभी बंधुओं व मातृशक्ति से क्षमायाचना की इस अवसर पर वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने महाश्रमणी राजस्थान सिंहनी शताब्दी गौरवांविता गुरुमाता महासती श्री पुष्पवती जी (माता जी) म. सा, उप प्रवर्तिनी मरुधरा शिरोमणि सद्गुरुवर्या महासती डॉ. राजमती जी म सा आदि ठाणा 7 से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भोजन झूँठा नही छोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रकाश चंद चौपड़ा, शिखरचंद सिंघी, कैलाश चंद गैलडा, आदि मौजूद रहे।

नसीराबाद छावनी का गौरव बढ़ा

■ नसीराबाद के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिश गुप्ता को पहली बार भारतीय सेना के जी.ओ.सी.-इन-सी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ) दक्षिणी कमान द्वारा सम्मानित किया गया है

नसीराबाद (निसं)। छावनी परिषद यह सम्मान लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने गुरुवार को आयोजित समारोह में प्रदान किया। समारोह में सेना के ब्रिगेडियर, कर्नल, मेजर सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

यह पुरस्कार सेना और सिविल अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, उल्लेखनीय योगदान और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। गौरतलब है कि जी.ओ.सी.-इन-सी का पद, आर्मी चीफ़ के बाद सर्वोच्च स्तर माना जाता है।

इस स्तर पर किसी सिविल अधिकारी को सम्मानित किया जाना नसीराबाद छावनी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। डॉ. नितिश गुप्ता को यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, योजनाबद्ध दृष्टिकोण और लगातार किए गए विकासात्मक प्रयासों के कारण मिला है। उनके नेतृत्व में नसीराबाद छावनी ने हाल के वर्षों में स्वच्छता प्रबंधन, आधारभूत संरचना, हरित क्षेत्र संरक्षण, पर्यावरण सुधार और जनहितकारी योजनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और हरियाली बढ़ाने की दिशा में किए गए प्रयासों को व्यापक सराहना मिली है।

इतिहास में पहली बार नसीराबाद छावनी को इस स्तर का सम्मान प्राप्त हुआ है। यह केवल डॉ. गुप्ता की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि छावनी परिषद, कर्मचारियों और पूरे नसीराबाद क्षेत्र की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। यह सफलता आने वाले समय में और बड़े सुधारों तथा विकास योजनाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

अजमेर में पेंशनर्स का जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

अजमेर,(कासं)। राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ योजना (आरजीएचएस) के तहत प्राइवेट अस्पतालों के लंबित भुगतान के चलते इलाज के लिए सबसे ज्यादा खामियाजा पेंशनर्स को उठाना पड़ा है, उन्हें इलाज के लिए अब दर-दर भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति अजमेर के बैनर तले गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और कलेक्टर लोकबंधु को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर आरजीएचएस के लंबित भुगतान की मांग की।

समिति के राधेश्याम गहलोत व मदनलाल मेहरा ने बताया कि राज्य सरकार कर्मचारियों के वेतन से हर माह करोड़ों रुपए मेडिकल रिलीफ फंड में काटती है, लेकिन उसी राशि का समय पर भुगतान निजी चिकित्सालयों को नहीं किया जा रहा। इसके चलते बार बार निजी अस्पताल आरजीएचएस मरीजों का उपचार बंद कर देते हैं। समिति के अध्यक्ष करण सिंह ने कहा कि यह जिन पेंशनर्स ने पूरे सेवाकाल में मेडिकल फंड में अंशदान किया, आज वृद्धावस्था में वही भगवान भरोसे छोड़ दिए गए हैं।

सहकारी दवा दुकानों को बंद करने से बढ़ी परेशानी:

नेताओं ने बताया कि रामगंज और पुलिस लाइन में संचालित सहकारी उपभोक्ता भंडार की दवा दुकानों को अचानक बंद कर दिया गया है। इससे हजारों पेंशनर्स आवश्यक दवाइयों के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। समिति ने इसे सरकार की आरजीएचएस योजना को कमजोर करने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि सरकार इस योजना को किसी अन्य योजना में मर्ज कर समाप्त करने की तैयारी कर रही है।

प्राइवेट अस्पताल का रोका गया भुगतान:

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार समय पर निजी चिकित्सालयों को भुगतान नहीं कर रही और आशंका जताई कि यह राशि कहीं अन्य राजनीतिक योजनाओं में खर्च की जा रही है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही लंबित राशि का भुगतान कर पेंशनर्स के उपचार की बाधा दूर नहीं की गई और सहकारी भंडार की दवा दुकानों को पुन: चालू नहीं किया गया तो प्रदेशभर में पेंशनर्स आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में राधेश्याम गहलोत, मदनलाल मेहरा, डालचंद, हरिसिंह सोलंकि, अर्जुन सिंह, घनश्याम कुमावत, सुभाष अग्रवाल, पूनाराम धोधावत तेजलाल, जगदीश प्रसाद वैष्णव, विष्णु कुमार शर्मा, मदन सिंह पंवार, शिव शंकर कच्छावा, कैलाशचंद शर्मा, भंवर सिंह चौहान, केएम मिश्रा, जय नारायण, ईस्लाम मोहम्मद, नारायण सिंह, एंव नाथू लाल लखन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

सही सड़क व पटरी को तोड़कर 24 लाख रुपए से वापस बना रहे

भीलवाड़ा।। भीलवाड़ा नगर निगम ने भ्रष्टाचार का नायाब तरीका निकाला है। दरअसल पुरानी बनी सही सड़कों को तोड़कर फिर से उसी पर नई सड़क का निर्माण कर चहेतो को फायदा पहुंचाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पहला मामला मजदूर चौराहा से दधिमथी मेडिकल स्टोर की जाने वाली सड़क का है। इस सड़क के किनारे यानी साइड पटरी पर सीसी रोड बनाने का काम किया जा रहा है। करीब 14.35 लाख रुपए का वर्क ऑर्डर हो रखा है। यहां ठेकेदार रमेश खटीक है।

यह वार्ड नंबर 60 एक्सईएन पवन नुवाल के कार्यक्षेत्र में है। इस वार्ड की पार्षद रेखा पुरी हैं। दूसरी तस्वीर है तरणताल के सामने जैन मंदिर के पास वाली गली की है। इसमें भी नई सीसी सड़क की जा रही है। यह करीब 10.50 लाख रुपए के वर्क ऑर्डर से सड़क बन रही है। यहां ठेकेदार शक्ति सिंह है। यह वार्ड 34 हैं। यह वार्ड एक्सईएन पवन नुवाल के कार्यक्षेत्र में हैं। इसकी पार्षद नेहा जोशी हैं। इन दोनों तस्वीर को देखने पर ऐसा लग रहा है कि नगर निगम की ओर से विकास कराया जा रहा है। लेकिन इस तस्वीर का दूसरा पक्ष है। इन तस्वीरों को ध्यान से देखिए। जो पहले से सड़क या साइड पटरी है उसे तोड़कर फिर से बनाया जा रहा है जबकि इसकी जरूरत ही नहीं थी। सिर्फ टेंडर लगाकर सरकारी पैसे की बर्बादी के लिए किया जा रहा है। मजदूर चौराहा से आगे जा रही सड़क की साइड पटरी एकदम सही हालत में थी इसके बावजूद इसे उखाड़ दिया गया। अब फिर से सीसी का निर्माण कार्य करके नगर निगम के कोष को हानि पहुंचाई जा रही है। जिम्मेदारों का कहना है कि सड़क और साइड पटरी के बीच ऊंचाई में अंतर है। जबकि इस तस्वीर को देखने से ऐसा नहीं लगता है कि ऊंचाई इतनी अधिक है कि वाहन चालक को परेशानी हो। इसी तरह जैन मंदिर के पास वाली गली में गोपाल चौराहा और दिनेश किराणा से मेनरोड तक सीसी रोड बनाई जा रही। यह सड़क अभी भी सही हालत में है जिसे मौके पर जाकर देखा जा सकता है। इसके बावजूद जेसीबी लगाकर उखाड़ जा रहा है। फिर से नई सड़क बनाई जा रही है। इन टेंडरों को जारी करने वाले नगर निगम मेयर राकेश पाठक और आयुक्त हेमाराम चौधरी हैं।

परिजनों को प्रदान किया संबल

पुष्कर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत के पुष्कर स्थित निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने रावत के पिता स्व.सूरज सिंह रावत जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राठौड़ ने स्व. सूरज सिंह रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और पुण्यात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें इस दु:खद घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। राठौड़ ने कहा कि स्वर्गीय रावत एक सम्मानित, विनम्र और समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे, जिनका जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। पार्टी परिवार इस अपूरणीय क्षति में रावत परिवार के साथ है।

सार-समाचार

समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा की अजयमेरू प्रदेश इकाई द्वारा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह प्रदेशअध्यक्ष राकेश कुमार विजय की अध्यक्षता में 5 सितंबर को प्रात: 10.30 बजे बी के कौल नगर स्थित महेश वाटिका में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन की राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि महासभाध्यक्ष महेश विजयवर्गीय, कोटा पूर्व महापौर, विशिष्ट अतिथि महासभा संरक्षक सी.पी. विजयवर्गीय, उपप्रांतपाल लायंस क्लब एवं प्रधानमंत्री राजीव विजयवर्गीय होंगे । प्रदेशमंत्री अखलेश विजय ने बताया कि 5 सितम्बर को प्रदेश स्तर पर शिक्षक एवं विद्यार्थी सम्मान समारोह में गत तीन वर्षों में 10वीं, 12वीं, स्नातक में 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं प्रोफेशनल डॉक्टर, सी ए, वकालत आदि की डिग्री प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही शिक्षक दिवस के अवसर पर समाज के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा।

भारतीय श्री सीमेंट कर्मचारी संघ ब्यावर ने मनाया पर्यावरण दिवस

मसूदा, (निसं)। भारतीय श्री सीमेंट कर्मचारी संघ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया।संघ के महामंत्री शंकर सिंह लगेत ने बताया कि भारतीय मजदूर सघ के छह पर्वो में पर्यावरण दिवस भी है उसको आज श्रम कार्यालय ब्यावर में वृक्षारोपण करके मनाया गया। आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सीमेंट ब्यावर एच .आर. हेड श्री वी. के. मिश्रा जी व भरत शर्मा जी थे, जिन्होंने आज पहले तो गत वर्ष लगाए गए पौधों का जन्मदिन तिलक ,मोली लगाकर और गुड़ खिलाकर सबका मुंह मीठा करके मनाया गया।तथा 11बड़े पौधे लगाए भारतीय श्री सीमेंट कर्मचारी संघ इस वर्ष एक माह में करीब 450 पौधे लगा चुकी है । गुरुवार के इस कार्यक्रम में भारतीय श्री सीमेंट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दिलीप टाक ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा सभी को धन्यवाद दिया । कार्यक्रम में भारतीय श्री सीमेंट कर्मचारी संघ ब्यावर के संरक्षक दिलीप सेन, नीरू काठात, मनोहर सिंह ,सोहन सिंह ,जितेंद्र सिंह, सलीम काठात , राजेंद्र भाटी और भी कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

टाक ने किया पदभार ग्राहण

मेड़ता सिटी,(निसं)। मेड़ता नगरपालिका में चौथी बार गौतम टाक ने किया पालिकाध्यक्ष पद ठाहण । अध्यक्ष टाक ने अगर कोई भ्रष्ट्राचार का आरोप लगाया हे तो अपनी सारी संपत्ति दान दे दूंगा । वही डीएलबी से चल रहे निलंबन मामले को लेकर गुरुवार मेड़ता नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष पद ठाहण कार्यक्रम में विधिपूर्वक पद भार ठाहण किया । टाक को अधिशाषी अधिकारी श्रवण राम चौधरी ने पदभार ठाहण करवाया । वही पदभार ठाहण को लेकर कांठोस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला । वही कांठोस पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा, शहर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला , लाला राम नायक, पुरखा राम भंवरिया व रुस्तम अली प्रिंस सहित कई कांठोस नेता व नगरपालिक कर्मचारी मौजूद थे ।

पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ

शाहपुरा। गुरुवार तेजाजी महाराज के भोपाजी रामलाल गुर्जर, ठा. भगवत सिंह राणावत, उपसरपंच एवं भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जीवराज गुर्जर सहित ग्रामीणों की मौजूदगी में झंडे की स्थापना के साथ ही पांच दिवसीय तेजाजी मेले का शुभारंभ हुआ।सरपंच गोविंद कंवर ने बताया कि तेजाजी महाराज के झंडे की स्थापना के साथ ही मेले को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा गांव में आकर्षक विद्युत साज सज्जा सहित तेजाजी महाराज की बिंदोरी परिक्रमा स्थल को सजाने सहित अन्य कार्यों की शुरुआत कर चुकी है।, 1 सितंबर नवमी को रात्रि जागरण व 2 सितंबर 2025 को तेजा दशमी पर विशाल मेले का आयोजन होगा पंचमी गुरुवार रात्रि से लगातार लोक कलाकारों द्वारा चारभुजा मंदिर के सामने लोककला कार्यक्रमों की शुरुआत होगी।

आम सूचना

मेरे बड़े भाई सलाम पुत्र सुबरात जाति मुसलमान निवासी ग्राम आकोड़िया की मृत्यु दिनांक 23.08.2001 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम आकोड़िया में ही हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत आकोड़िया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे बड़े भाई सलाम का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलादार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी-शैतान पुत्र सुबरात मुसलमान ग्राम आकोड़िया, तहसील अरांई (अजमेर)

LSG/BEAWAR/MUT/2025/145062
DATE :-23.08.2025 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/6847 दिनांक-28/08/2025

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती हेमलता लालवानी पुत्री श्री रामचन्द्र पत्नि श्री रवि जी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6 महावीर गंज गली नं. 3 मकान नं. 24, क्षेत्रफल 70.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री अनिल कुमार शर्मा पुत्र श्री नोरतमल जी व श्री दीपक शर्मा पुत्र श्री मुकेश शर्मा के नाम दर्ज है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 28.01.2022 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी। -आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि/नाम हस्तांतरण/2025/1834 **आम सूचना** दिनांक: 22/08/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 26,28,35, 36,41 पर स्थित आवासीय(भूखण्ड संख्या बी-171 क्षेत्रफल 96.15 वर्गगज) पर श्री यौधा सिंह पुत्र श्री हनुमान सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है :-

पूर्व में : अन्य भूमि पश्चिम में : 30 फीट चौड़ा रास्ता
उत्तर में : भूखण्ड संख्या बी- 172 दक्षिण में : भूखण्ड संख्या बी-170

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। -प्रभारी नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक: .न.नि.अ/भवन/25-26/245 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 28.08.2025

श्रीमती राबिया बेगम पत्नि श्री मो. मेहबूब खान, मो. मेहबूब खान पुत्र मो. याकूब खान निवासीगण हिन्दु मुस्लिम मौहल्ला अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति ए.एम.सी नं. XIV/422=519/39(north parth) VIX/422=519/39(south part) जो वाके नला बाजार अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 138.79 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : अन्य की सम्पति पश्चिम : गमीद का मकान
उत्तर : मुस्लिमों का नोहरा दक्षिण : श्री भैरूमल का मकान व गली

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक- 960 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-28-08-25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-ब-9, वैशाली नगर, अजमेर क्षेत्रफल 267.00 वर्ग गज मूल आवंटी डॉ. दिनेश चन्द शारदा पुत्र स्व. श्री चान्दकरण शारदा को आवंटित कर आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। डॉ. दिनेश चन्द शारदा पुत्र स्व. श्री चान्दकरण शारदा द्वारा दिनांक 10.09.1974 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। डॉ. दिनेश चन्द शारदा पुत्र स्व. श्री चान्दकरण शारदा की मृत्यु दिनांक 14.02.1996 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि श्रीमती कंचन शारदा पत्नि स्व. श्री डॉ. दिनेश चन्द शारदा के पक्ष में दिनांक 23.05.1998 को मृत्यु पश्चात आवास हस्तानरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती कंचन शारदा पत्नि स्व. श्री डॉ. दिनेश चन्द शारदा द्वारा उक्त आवास का बैचान श्रीमती गुलाब कंवर राठौड़ पत्नि श्री गणपत सिंह शेखावत को दिनांक 30.05.1998 को कर दिया गया। श्रीमती गुलाब कंवर राठौड़ की मृत्यु दिनांक 01.07.2013 व श्री गणपत सिंह शेखावत की मृत्यु दिनांक 01.12.2012 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री श्रीमती प्रियंका शेखावत पुत्री स्व. श्री गणपत सिंह शेखावत व स्व. श्रीमती गुलाब कंवर द्वारा मृत्यु पश्चात आवास हस्तानरण हेतु आवेदन पत्र प्रसतुत किया गया है। श्रीमती प्रियंका शेखावत के पक्ष में श्रीमती गायत्री जे. सिंह पुत्री स्व. श्री गणपत सिंह शेखावत व स्व. श्रीमती गुलाब कंवर बहैसियत खुद व बहैसियत मुख्यातनामा आम श्रीमती संगीत घटेल पुत्री स्व. श्री गणपत सिंह शेखावत व स्व. श्रीमती गुलाब कंवर, श्री संजय सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री गणपत सिंह व स्व. श्रीमती गुलाब कंवर एवं श्रीमती गीता शेखावत चौहान पुत्री स्व. श्री गणपत सिंह शेखावत व स्व. श्रीमती गुलाब कंवर द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्रीमती प्रियंका शेखावत पुत्री स्व. श्री गणपत सिंह शेखावत व स्व. श्रीमती गुलाब कंवर ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तानरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तानरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती प्रियंका शेखावत पुत्री स्व. श्री गणपत सिंह शेखावत व स्व. श्रीमती गुलाब कंवर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। -सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक-958 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-28-08-25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1/28, ग्राउंड फ्लोर, नाकामदार, अजमेर क्षेत्रफल 41.15 वर्गमीटर मूल आवंटी श्री रमेश कृष्ण ओहरी पुत्र श्री एच.एल. ओहरी को आवंटित कर दिनांक 9.3.1990 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री रमेश कृष्ण ओहरी पुत्र श्री एच.एल. ओहरी की मृत्यु दिनांक 12.04.1998 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री नितिन ओहरी पुत्र स्व. श्री रमेश कृष्ण ओहरी के पक्ष में दिनांक 24.12.2012 को मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री नितिन ओहरी पुत्र स्व. श्री रमेश कृष्ण ओहरी द्वारा दिनांक 30.1.2024 को उक्त आवास का उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात श्री नितिन ओहरी पुत्र स्व. श्री रमेश कृष्ण ओहरी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती रेनू नायक पत्नि श्री दीपफूल नायक को दिनांक 25.02.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 958 में पृष्ठ संख्या 33 क्रम संख्या 202503002101865 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3830 के पृष्ठ संख्या 31 से 41 पर दिनांक 25.02.2025 को दस्ता किया गया है। अब श्रीमती रेनू नायक पत्नि श्री दीपफूल नायक ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती रेनू नायक पत्नि श्री दीपफूल नायक का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। -सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.09.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

अजमेर, मदनगंज कृष्णगढ़, 111760700024879, 4910, 4915, 4917, 4919, 4926, 111760730066685, 6702, 6727, 6737, 6738, 6780, 6977, 6979, 6996, 7003, 111760730070448, रामगंज अजमेर, 111700730032091, 3632, 3758, ब्यावर, ब्यावर, 135510730043805, 3830, 3831, 3851, 3891, 3892, 3895, 3899, 3961, 3967, 3976, भीलवाडा, गांधी नगर भीलवाडा, 116480730022479, 2480, 2563, 2702, 2751, शास्त्री नगर भीलवाड़ा, 116360700019914, 9966, 116360730019638, 9645, 9659, सुभाष नगर भीलवाडा, 116390730042344,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा